a Bill further to amend the Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Act, 1957."

The motion was adopted.

SHRI P. C. SETHI : I introduce* the Bill.

12.58 hrs.

SALARIES AND ALLOWANCES OF MINISTERS (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now take up further consideration of the Salaries and Allowances of Ministers (Amendment) Bill. I will first place the motion before the House.

Motion Moved :

"That the Bill further to amend the Salaries and Allowances of Ministers Act, 1952, be taken into consideration."

श्री झारखण्डे राय (घोसी) : सभापति महोदय, इस विधेयक की भावना से मेरा मतभेद नहीं है, लेकिन मैं चाहता हूँ कि इस तरह की सुविधायें सरकारी कर्मचारियों, सरकारी अधिकारियों और सरकार के अधीन काम करने वाले अन्य लोगों को भी दी जानी चाहिए। इन सुविधाओं का दायरा और आगे बढ़ाना चाहिए, क्योंकि जिस दया भाव से, या जिन मजबूरियों को दृष्टि में रखते हुए, मिनिस्टरों को यह सुविधा दी जा रही है, सरकार के अधीन कार्य करने वाले अन्य वर्ग भी उसके अधिकारी हैं और उन्हें भी वैसी ही मजबूरियों का सामना करना पड़ता है। मैं चाहता हूँ कि सरकारी कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों को भी यह सुविधा दी जाये और इसका कहीं न कहीं समावेश किया जाये। मैं समझता हूँ कि समाज में एक सुविधा-प्राप्त वर्ग, स्ट्रेटा अथवा सेक्शन का बनता जाना समाज की वर्तमान विषमता को और अधिक बढ़ाना है।

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may continue after lunch.

13.00 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at five minutes past Fourteen of the Clock.

[**Shri Vasudevan Nair** *in the Chair*]

SALARIES AND ALLOWANCES OF MINISTERS (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

श्री झारखण्डे राय : मान्यवर, इस विधेयक का मंशा बहुत साफ है। देखने में यह विधेयक बहुत छोटा है। लेकिन इसके पीछे अन्तर्निहित भावनाएं ऐसी हैं जिन पर विवाद हो सकता है और होगा। मुझे ऐसा लगता है कि इस विधेयक के पेश करने के पीछे जो भावना काम कर रही है कहीं इस भावना का विस्तार हुआ तो इसी तरह की सुविधाएं पहले सरकार के बड़े-बड़े अधिकारियों के लिए, फिर पार्लियामेंट के मेम्बर्स के लिए, और अंत में विधान सभा और विधान परिषद के सदस्यों के लिए भी हो जायं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार कोई इस तरह की सुविधा देना भी चाहती है, विशेष रूप से किसी को आवास की सुविधा प्रदान करना भी चाहती है, तो उसकी शुरुआत नीचे से क्यों नहीं होती है? उनसे जो सबसे अकिंचन हैं, जो सब सुविधाओं से, सब चीजों से वंचित हैं, जिन्हें कोई सुविधा नहीं है या बहुत कम है, शुरुआत वहां से क्यों नहीं होती है? इसलिए इसके पीछे अन्तर्निहित भावनाओं का समर्थन मैं नहीं कर पा रहा हूं।

मान्यवर, आज हम सभी इस बात से अवगत हैं कि आवास की समस्या कितनी भयंकर है। सारे देश में लगभग 50 लाख ऐसे व्यक्ति हैं जिनके ऊपर सिर पर ओढ़ने के लिए केवल आसमान है और नीचे बिछाने के लिए केवल धरती है। ऐसे लोग फुटपाथों पर जीवन व्यतीत करते हैं। कलकत्ते, बम्बई, मद्रास कानपुर जैसे देश के बड़े-बड़े शहरों में ऐसे वीभत्स दृश्य

---

*Introduced with the recommendation of the President.

[श्री झारखण्डे राय]

रोज देखे जा सकते हैं । सरकारी स्थानों पर चाहे प्लेटफार्म हो, फुटपाथ हो, स्टेशन की सीढ़ियां हों या ऐसे और भी कोई अन्य स्थान हों, वहां पर सैकड़ों और हजारों आदमी ऐसे दिखाई देते हैं जिनके लिए संसार में कोई एक इंच जमीन भी नहीं है जहां वह अपना सिर छिपा सकें। तो ऐसी स्थिति में सुविधाएं यदि देनी हों, आवास की व्यवस्था यदि करनी हो तो उनके लिये पहले करना चाहिए जिनके पास नहीं है, उनके लिए नहीं जिनके पास सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में हैं।

मैं एक बात कहना चाहूँगा। माननीय मंत्री जी अब पुरानी भावनाओं से ऊपर उठें और सरकार भी उठे। ऐसी स्थिति में जब कि कांग्रेस पार्टी से सिंडीकेट-विचार के रखने वाले लोग प्रार्याप्त मात्रा में निकाल दिए गए हैं और कहा जाता है कि समाजवाद का निर्माण करने के रास्ते में जो सबसे बड़ी बाधा थी वह हटा दी गई है तो अब हर चीज की कसौटी समाजवाद दृष्टिकोण से कसी जायगी ! सरकार की हर बात को, विधेयक को, कदम को समाजवाद की कसौटी पर कसा जायगा कि उस दृष्टिकोण से यह खरा उतरता है या नहीं। यह विधेयक परसों पेश हुआ और आज इस पर बहस हो रही है। इस कसौटी पर जब हम इसे कसते हैं तो देखते हैं कि उसी पुराने दृष्टिकोण से यह विधेयक बनाया गया है और यहां लाया जा रहा रहा है। अच्छा तो यह होता कि इसे वापस ले लिया जाता। पूंजीवादी विकास पद्धति और व्यवस्था का यह अन्तर्निहित अवगुण है कि जिन के पास है उनको और ज्यादा दो, जिनके पास बहुत ज्यादा है उनको इतना दो कि कोई चीज बाकी न रह जाय। यह जीवन के हर क्षेत्र में हमें दिखाई देता है। शहरों में भी जो उपेक्षित स्थान हैं पानी के विषय में, बिजली के विषय में, यातायात के विषय में उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। देहातों में हालत बदतर है। मुझे तो उस समय महान आश्चर्य हुआ जब कि लखनऊ में मैंने देखा, विधान सभा मार्ग पर जहां विधान सभा निर्मित है जहां अच्छे-अच्छे महल बने हुए हैं ठीक उसके पीछे के मुहल्ले में आप को सुन कर आश्चर्य होगा कि केरोसीन तेल लालटेनें जलती हैं, मामूली से बिजली के बल्ब भी नहीं जलते हैं। इतनी असमानता कि जहां पर अच्छी सड़क है उसको और भी अच्छा बनाओ, उसको फर्स्ट क्लास बनाओ लेकिन जहां धूल है, मिट्टी है वहां पर कंकड़ भी न बिछाओ—यह पूंजीवादी व्यवस्था का तौर तरीका है कि जिसके पास बहुत है उसकी ओर दिये जाओ और जो गरीब जनता है उसको वैसे ही रहने दो उसकी आज कोई पूछ नहीं है। मैं चाहता हूँ कि इस दृष्टिकोण से सरकार और मन्त्री जी को अब बुनियादी परिवर्तन करना चाहिये।

एक बात मैं और कहना चाहता हूँ—इससे अनावश्यक व्यय भार बढ़ता है। जब देश इतना गरीब है, जो भी धन देश में बढ़ा उसका सही ढंग से बटवारा नहीं हुआ, तीन पंचवर्षीय योजनायें समाप्त हो गई हैं, उसका अधिकांश हिस्सा पूंजीपतियों की थैलियों में चला गया, उसका बहुत थोड़ा भाग जनता के पास पहुंचा, ग्राम जनता के पास पहुंचा, जब यह स्थिति है तो अनावश्यक व्यय भार क्यों बढ़ाया जाय। एक-एक पैसा हमें बचाना है, एक-एक पैसे का सदुपयोग करना है। ऐसी स्थिति में इस दृष्टिकोण से भी यह विधेयक समर्थन करने योग्य नहीं है। इसकी विचारधारा चाहे अच्छी हो, लेकिन जब तक यह चीज सर्वसाधारण के लिये लागू न हो या उसके बहुत बड़े भाग के लिये लागू न कर सकें, तब तक थोड़े व्यक्तियों के लिये इस को करना या उनकी सुविधाओं को बढ़ाते जाना न्यायसंगत नहीं है।

यदि आप व्यवहारिक दृष्टिकोण से भी देखें तो मन्त्रीगण कोई भिखारी नहीं होते हैं। ऐसे मन्त्री हैं जो लखपति हैं, मैं जानता हूँ, यहां नाम की जरूरत नहीं है, जिनके बाप दादाओं

से गलत सही तरीकों से बहुत कमाया है । ऐसी स्थिति में अगर वह मन्त्री नहीं रहेंगे तो क्या कठिनाई आयेगी—अगर कोई एम० पी० है तो एम० पी० फ्लैट में चला जायगा, अगर एम० एल० ए० हैं तो विधायक निवास में चला जायगा, कोई न कोई व्यवस्था तो है ही । जहाँ तक अन्तिम संस्करण की बात है, जिसकी इसमें चर्चा की गई है, वह घरों में हो सकता है एम० पी० फ्लेट में हो सकता है, विधायक निवास में हो सकता है या पैत्रिक स्थान में हो सकता है । हम सभी ऐसा करते हैं, इसमें ऐसी कौन सी बात है, जिसके कारण इस सुविधा को बढ़ाया जाय । हम मन्त्री रहे हैं । मन्त्री मण्डल छोड़ने के बाद जैसा 2 हफ्ते उसमें रहने का नियम था, उसके बाद अपने निवास स्थान में चले गये । इसलिए सुविधा को और ज्यादा बढ़ाते जाना कोई उचित दृष्टिकोण नहीं है ।

आखिर मैं एक बात और कहना चाहता हूँ मन्त्री मण्डल से हटने के बाद जो 15 दिन की सुविधा अब तक रही है, वह पर्याप्त है, इस में बढ़ने की कोई जरूरत नहीं है । लेकिन मर्सी दया, पिटी के आधार पर, यदि कोई मर जाय तो, मरजाने की अवस्था में अवधि बढ़ा दीजिये, एक महीना कर दीजिये, लेकिन तीन महीने व ली बात अनुचित है । इसलिये इस दृष्टिकोण से भी व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से भी यह उचित विधेयक नहीं है । मैं किसी को सुविधा देने की भावना का विरोधी नहीं हूँ, लेकिन जहां तक इस विधेयक की व्यवहारिकता का सवाल है, इसको लागू करने का सवाल है मैं इसका समर्थन करने में असमर्थ हूँ । पहली नवम्बर 1966 से लागू करने का सोचना भी घोर अनैतिक है । इसे नवम्बर 1969 से लागू किया जाये ।

इन शब्दों के साथ मैं चाहता हूँ कि मन्त्री जी और सरकार इस पूरे विषय पर अब नये दृष्टिकोण से विचार करे, विधेयक को वापस ले और जब तक हम दूसरों को भी ये सुविधाये देने की स्थिति में नहीं जायें तब तक कुछ विशेष लोगों को ये सुविधायें बढ़ाने की चिन्ता न करें ।

MR. CHAIRMAN : Shri N. Shivappa.

AN HON. MEMBER : There is no Congress Member to speak.

MR. CHAIRMAN : There was no name from the Congress Party with me.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : I want to speak.

SHRI S. K. TAPURIAH (Palli) : Their assent can be taken for granted. They are all for privileges.

SHRI N. SHIVAPPA : I feel that there must be some limit to the seeking of certain reliefs under the ambit of law. When the Ministers are concerned with a matter which concerns their own emoluments and benefits, they have to think reasonably before putting forward certain things in black and white. But I am sorry to state that they have been careless in bringing forward this Bill, particularly the portion to which I have got my strongest and highest objection, namely :

> "It shall be deemed to have come into force on the first day of November, 1969."

AN HON. MEMBER : 1966 ?

SHRI S. K. TAPURIAH : I am reading out like this portion from the Bill which has been circulated to us and which is before the House for discussion and approval by the House.

SHRI N. SHIVAPPA : They want to substitute the words 'three months' instead of 'one month' after the cessation of Ministership or on the death of the Minister. These are the two important things here. This is in order to ensure that the monetary liability may not fall on the heads of others and in order that the premises occupied by the Minister might not be vacated thereby resulting in hampering the interest of their henchmen or others. If really there is a family which is going to suffer, then I have got a soft corner for them. If there is a deserving family which is suffering, then there are, as my hon. friend has pointed

[Shri N. Shivappa]

out, people with a lot of accumulated money, which they are not prepared to part with for partaking in the government, and they can easily come to the help of such families I have no objection if such a thing is done. But so far as this particular clause is concerned, it is ridiculous on part of any same and prudent man to take this issue into consideration. I do not know the object and reason behind this particular provision. I hope that Mr. Chairman, you will be pleased to consider this aspect. In my view, this has absolutely no meaning. It is a meaningless thing. Why should it be retrospective right from November, 1966 ?

Supposing a Minister's relative or relatives has or have used the phone unauthorisedly an innumerable times for themselves or their relations and thereby they have brought the phone bill to about Rs. 6000 instead of Rs. 2000 or Rs. 1000. the point is whether it should be condoned under the guise of retrospective effect to this Bill. If the phone has been used for the sake of attending the AICC meeting which might have been convened by this gang or by that gang or by any other, with which I am not concerned, why should we give retrospective effect to this provision ?

SHRI MANOHARAN (Madras North) : They are not gangs, but groups.

SHRI N. SHIVAPPA : At least they should come out in their true colours, and admit that the premises have been utilised or that the benefits accorded under the particular legislation have been utilised in excess, by their predecessors in office, or they had misused it or they had made it a mockery and, therefore, the Government now want to bring forward this legislation ; if they do so, then certainly we would thank them. But why should there be retorspective effect to this provision ? What is the object behind this ? So, I have the highest and strongest objection to this particular provision being included in the Act. I hope that in the interests of justice, Government will not bring forward such a Bill. No sane man should bring forward such a Bill, if he wants to avoid the healthy criticism by the generous public of this country, and if he appreciates the reasonable argument advanced by my hon. friend, by me and others. I hope that this issue will be reconsidered, and other Bill will be introduced.

The second point that I am going to urge is this. This is a glaring discrimination made under this Bill. Our hon. Ministers want free houses, free allowances, or allowances, free of tax, car allpwances and so many other perquisites under the guise of this Act. Let us grant them these things ; we have no objection. Let them have these things, if they think that Ministership is a matter of some charm, it is a matter of occupying a high office, it is a matter of a superiority complex, it is a matter where the Minister has to categorise himself as different from the ordinary sections of people ; let them consider themselves to be superhuman beings or any other type of human beings. I have absolutely no objection. But my point is this that there are officials in this country who are also drawing salaries and who will also come under this particular provision of law. They have got some rules to follow, and they have to follow some Act, and like the salaried officials, the Ministers also are given some benefits and perquisities such as house rent, car allowance, travelling allowances etc. But I submit that all these perquisites should be grossed up with their income, and let them pay some tax on these things also. Why should there be any discrimination in this matter of payment of tax ? If they have evaded the tax or they want to evade the tax, and they have misused their authority, then they have brought the law into a mockery ; they have brought democracy into a mockery ; they have brought this country to a mockery, because they want to make a lot of amendments for their own benefit.

At the same time, they do not want to accord sanctity to the principle of equality of opportunity, equality of service and payment of tax to the exchequer without any discrimination, so that ultimately the people benefit. That is why they do not agree to all these emoluments and perquisites being grossed up for the purpose of payment of tax Why do they not bring forward such a law or enforce this by rules ? Why should there be this glaring and blatant discrimination and arbitrariness displayed in respect of the largest section of officials in this country ? There is a privileged

section sitting in this House which can give evasive answers to any specific question put by any party in the interest of the country. Somehow or other they want to tide over these few days; then they can go home. Many Ministers come and many go, many laws come and many laws go. These will not benefit the country and will not benefit the people.

What type of law is this? Why should they bring this kind of law? This is simply reducing law to a mockery. Why should there not be sanctity attached to law? We are responsible people discussing these things. We are processing these things. In doing so, let us not process these things as they process illicit liquor in the country in various Congress-ruled States, all the while singing slogans for prohibition. Like illicit manufacture of liquor, we are manufacturing laws in this country. Without responsibility we are bringing in laws of this type because they have got an absolute majority or can arrange a majority in connivance, conspiracy or collusion, with some Opposition groups. By such counting of heads, these laws will be passed. But whether this will be according sanctity to laws is doubtful.

I would, therefore, request the hon. Minister in charge to withdraw the enactment or at least see that this particular provision is deleted from it.

There is another matter which is deserving of our attention in connection with this matter. It has become a talk of the day that either in connection with AICC meetings during the last two decades of Congress rule or on some other pretext, the phones installed in the houses of Ministers were misused, the State cars put at their disposal for government work were misused and IAF planes have been misused. All these things have been done under the authority of law, whereas Ministers were to use these facilities put at their disposal for the specific purpose of government work only for the benefit of the people and in the service of the people. But as I said, these have been used on their own whims and fancies as if they were monarchs in this country.

Hence I suggest the appointment of a committee to go into the question of the utilisation and mis-utilisation of these facilities, utilisation for service or some other purpose, of these facilities and perquisites. In the interest of cleanliness and probity in public life, such an investigation is necessary. We have to find out whether government premises were utilised for the purpose for which they were given or for some other purpose.

While I am totally opposed to the arbitrary and discriminatory way in which the salaries and emoluments and other perquisites have been treated for income tax purposes, on the question of provision made in the Bill before us in the event of the death of a Minister, on compassionate grounds I have no objection to it.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, हाउस के सामने जो बिल है उसमें कोई ऐसी बात नहीं है जिस पर किसी भाई को वाजिब तौर पर एतराज हो सके। लेकिन अपोजीशन को तो हर बात पर एतराज करने की एक आदत सी बन गई है। किसी गलत बात पर एतराज करें तो सही है लेकिन जब सही बात पर भी एतराज़ करते हैं तो बात समझ में नहीं आती है। डिमोक्रैसी सिर्फ कांग्रेस मैनों के लिए ही नहीं है बल्कि आपके लिए भी है। फिर कोई बड़ी भारी लग्जरीज मिनिस्टर्स के लिये मांगी जा रही हों, ऐसी बात भी नहीं है। किसी मिनिस्टर को अगर इस्तीफा देना पड़ जाये या बदकिस्मती से मौत वाके हो जाये तो उसके लिए आप से इजाजत चाहते हैं कि दो तीन महीने तक उसमें रह सकें और उसके बाद खाली कर दें। अगर मौत न भी हो, कुर्सी ही छिन जाये तो वह भी मौत के बराबर ही हादसा होता है। कुर्सी का छिनना भी बड़े से बड़े लोग बर्दाश्त नहीं कर सकते। ऐसी हालत में मकान छोड़ने के लिये कुछ न कुछ समय तो देना ही चाहिए।...(व्यवधान)...आसमान से उतर कर कोई जमीन पर आ जाये तो उसके दिमाग के ठंडेपन के लिए थोड़ा समय चाहिए। ...(व्यवधान)... चेयरमैन साहब आप केरल के मुतािल्लक जानते हैं। अगर वजारत खिसकी तो लोगों को कंपकंपी छूट जाती है। यह बिल उन के लिए [illegible]

[श्री रणधीर सिंह]

है । केरल, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, सभी के लिए यह बिल है । ...(व्यवधान)...पालियामेंट जो बिल पास करती है वह सारे कन्ट्री पर लागू होता है । मैं चाहूंगा कि यह बिल सिर्फ सेन्टर में ही नहीं बल्कि दूसरी स्टेट्स पर भी लागू होना चाहिए । अपोजीशन को चाहिए कि वे भी इसको लागू करें मैं सभी के लिए बात करता हूँ ।

चेयरमैन महोदय, अगर कोई मौत वाके हो जाती है तो 13 दिन शोक में ही गुजर जाते हैं जबकि बाहर से औरतें आती हैं और मातम करती हैं । एक महीने तक रिश्तेदार आते रहते हैं—पल्ली बिछी रहती है, वे आते हैं आकर मातमपुर्सी करते रहते हैं । उस तरफ के मेरे दोस्त चाहते हैं कि आज लाश पड़ी हुई है और अगले दिन ही मकान खाली करो । मैं समझता हूँ यह बड़ी ज्यादती की बात होगी । हर बात में दिखावा नामुमकिन बात है । आखिर जो वजीर हैं वह भी इनसान हैं । इस किस्म की अगर कोई बात हो जाती है तो उसके लिए न सिर्फ हम लोगों को रहम करना चाहिये बल्कि एखलाक और इन्सानियत की बात भी होनी चाहिए । इसमें नावाजिब तौर पर कोई बात नहीं कही गई है । जैसा शास्त्री जी के लिये कहा, इस किस्म की कोई बात नहीं है । जब ऐसा व्यू यह पार्लमेन्ट लेती है तो फिर अगर किसी मिनिस्टर की डेथ हो जाती है तो फिर उस हालत में तीन महीने का अरसा कोई लम्बा नहीं है । किसी की कुर्सी छिन जाती है उसके लिये भी एक महीने का अरसा कोई ज्यादा नहीं है । ...(व्यवधान)...

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि वजीर साहबान थोड़ी सी अपनी शान व शौकत कम करें । यह देश गरीबों का है । कार चलाने के लिए जो एक एक दो दो शोफर रहते हैं उनमें कमी करें । सेक्रेटरीज, डिप्टी सेक्रेटरीज, फर्स्ट, सेकेन्ड और थर्ड ग्रेड पी एज, इनमें आस्टेरिटी करने की जरूरत है । जरूरत एक चपरासी की है लेकिन कोठी में 15 चपरासी लगे रहते हैं । उनमें आपस में जिद्द लगी रहती है कि वह नहीं करता तो मैं क्यों करूं, लिहाजा काम कोई भी नहीं करता । यह गरीबों का देश है । यह वाजिब नहीं है कि मिनिस्टर बनते ही 25 या 50 हजार का फरनीचर चाहिये पहले का अगर काफी फरनीचर पड़ा हुआ है, वह 6 महीने या साल भर पुराना भी हो गया है तो उसमें क्या बात हो गई ? फरनीचर तो दर्जनों साल चलता है । लेकिन मिनिस्टरों में कम्पटीशन होता है कि फलां वजीर की कोठी में फर्नीचर शानदार कलर का है, मेरा तो उससे भी शानदार होना चाहिए । हमें तो ज्यादा से ज्यादा किफायतशारी करनी चाहिए और यह नहीं देखना चाहिये कि इंगलैंड और अमरीका के वजीर किस तरह से रहते हैं । हमें तो ज्यादा से ज्यादा सादा रहने की कोशिश करनी चाहिए और जितना कम से कम खर्च कर सकें लग्जरीज पर वह अच्छी बात होगी । मेरे दोस्तों ने जो राई का पहाड़ बनाया है इस की कोई जरूरत नहीं थी । इस बिल को जल्दी पास करना चाहिये था. यह सब के हित की बात है । अपोजीशन वालों की भी जगह व जगह सरकारें हैं इसलिये इस में मुखालिफत की कोई गुंजायश नहीं है । कानूनी तौर पर यह बात ठीक है, अगर किसी को मकान से बेदखल करते हैं तो अदालत भी 3 या 6 महीने का मौका देती है । किसी से मकान आप अगर खरीदें तो उस को भी खाली करने के लिये कुछ मौका देते हैं । इसलिये कानूनी तौर पर, अखलाकी तौर पर, इन्साफी तौर पर कौन भी तराजू पर आप यह बात तोलते हैं । हर बात की मुखालिफत करना ही अपोजीशन का काम नहीं होना चाहिए । मैं चाहूंगा कि यह बिल यूनानिमसली पास करना चाहिये । मैं पुरजोर शब्दों में इस बिल की हिमायत करता हूँ ।

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति जी, मुझे आश्चर्य है कि समाजवाद का नारा लगाने वाले लोग आज इस सदन में इस बात की मांग कर रहे हैं कि मंत्रियों को और सुविधायें दी जायें। अभी मेरे मित्र, चौधरी रणधीर सिंह ने कहा कि अगर किसी मिनिस्टर को हटा दिया जाता है तो वह भी मौत के बराबर होता है। मैं इस को मानता हूं। लेकिन किसी को अगर मंत्रि पद की आशा हो और उस को मन्त्री न बनाया जाय तो उस के लिए वह भी मौत के बराबर होगा। तो यह चीज नहीं चल सकती।

एक तरफ तो यह नारा लगाया जाता है कि जो प्राइवेट सैक्टर में काम करते में उन की सुविधाओं और तनख्वाहों पर सीलिंग लगायी जाय, मैं उस के पक्ष में हूं, और दूसरी तरफ मंत्रियों को और अधिक सुविधायें मिलें और ज्यादा फेसिलिटीज मिलें इस के लिए सदन में बिल लाते हैं, यह जो दो स्टैन्डर्ड हैं ये देश के सामने नहीं चल सकते। मैं बताना चाहता हूं कि मंत्रियों को आज कितनी सुविधायें हैं, एक मन्त्री के ऊपर कितना खर्च आता है ? एक सवाल के जवाब में मन्त्री जी ने कहा था कि एक कैबिनेट रैंक के मंत्री को तनख्वाह 27,000 रु० साल मिलती है, सम्पचुअरी अलाउन्स 6,000 रु०, बिल्डिंग का रेंट 7,800 रु०, बिजली के लिये 2400 रु०, फर्नीचर का रेंट 7,704 रु० और उन के सैक्रेटेरियट पर 61,800 रु० साल का खर्च आता है। मेडिकल फेसिलिटीज, ट्रेविल, स्टाफ कार आदि को सुविधायें मिला कर एक मंत्री के ऊपर 15,000 रु० महीना खर्च होता है। यह तो कानूनन जायज है। लेकिन क्या आप कह सकते है कि मंत्री अपनी ताकत का मिस यूज नहीं करते ? मंत्री की कोठी पर जितना खर्च होना चाहिये उतना ही होता है ? मेरा चार्ज है कि यह सरकार और इस के मंत्री, जितनी कानून में सुविधायें दी गयी हैं, उन से कई गुना ज्यादा खर्च करते हैं और उस के ऊपर कोई कंट्रोल नहीं है। मैं मांग करता हूं कि अगर सही माने में आप समाजवाद की बात करते हैं, नारा लगाते हैं तो खर्चे के ऊपर सीलिंग लगाइये, जो सुविधायें हैं, तनख्वाहें हैं, उन के ऊपर सीलिंग कराइये। पहले अपने आप से शुरूवात कीजिये तब लोगों के ऊपर भी उस का असर होगा। केवल नाराबाजी से लोगों की आंखों में धूल झोंकने से आप गरीबों की मदद नहीं कर सकते। यह जादू थोड़े दिन का है। जब उतर जायगा तो आप के सर पर बोलेगा और आप को भारत में कहीं सिर छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।

टेलीफोन का आप मिस यूज करते हैं। मैं कह सकता हूं कि राष्ट्रपति के चुनाव के समय, यह इन दोनों गुटों का झगड़ा था, मंत्रियों और खास तौर से प्रधान मंत्री का 15 जुलाई से 15 अगस्त तक का टेलीफोन का बिल अगर देखा जाय, ट्रंक और लोकल काल्स का, मैं खास तौर से ट्रंक काल्स का जिक्र करता हूं कि करस्पौंडिन्स पीरियड का पहले तीन सालों का जो ट्रन्क काल्स का इस समय का खर्चा है उस से कम से कम दस गुना अधिक खर्चा इस बार हुआ होगा और वह टेलीफोन सारे का सारा राष्ट्रपति के चुनाव में अपनी पार्टी के लिये, अपनी पार्टी के एक फैक्शन के लिये इस्तेमाल किया गया।

हम ने देखा कि पार्टी फंड के लिए लाखों रु० इकट्ठे किये जाते हैं, और प्रधान मन्त्री से ले कर नीचे तक मन्त्रियों ने करोड़ों रु० पिछले ढाई साल में इकट्ठे किये हैं। एक करोड़ चार लाख रु० बड़े-बड़े बिजनेस हाउसेज से इकट्ठा किया गया है। सरकार बातें करती है कि हम मोनोपली खत्म करना चाहते है। क्या इस तरह से आप खत्म कर सकते हैं ? हरगिज नहीं। आप बातें करते हैं कि हम कनसेन्ट्रेशन आफ वैल्थ खत्म करना चाहते हैं, बातें गरीबों की करते हैं एक मुंह से और दूसरे हाथ से गरीबों का खून चूस कर अमीरों को जेब में डालते है। जिस पार्टी के मन्त्री

[श्री कंवर लाल गुप्त]

बड़े-बड़े बिजनेस हाउसेज से दो, ढाई साल में एक करोड़ रु० इकट्ठा करेंगे अपने फंक्शन के लिए इकट्ठा करेंगे क्या आप ने कभी सोचा कि ये बिजनेस हाउसेज क्या यों ही पैसा दे देते हैं। अगर कोई एक लाख रु० देगा तो 50 लाख रु० का फायदा उठायेगा। माननीय रणधीर सिंह जी की शक्ल इतनी सुन्दर नहीं है कि देखते ही इतना रुपया मिल जाय। इस की जुडिशियल इनक्वायरी होनी चाहिए कि ढाई साल में जो सुविधायें ऐक्ट के तहत मंत्रियों को हासिल हैं उन का कितना मिसयूज किया गया, अपनी पावर का किस तरह से गलत नाजायज फायदा उठाया गया? सरकार कहती है कि हम ने मिस यूज नहीं किया। माननीया तारकेश्वरी जी ने कहा कि एयर फोर्स के हवाई जहाजों का इस्तेमाल किया गया ए० आई० सी० सी० के डेलीगेट्स को लाने के लिये। मंत्री महोदय ने कहा कि यह आरोप बिल्कुल गलत है। वह तो कहेंगे ही। इस की इन्डिपेंडेंट इनक्वायरी होनी चाहिए तभी सही बात का पता लगेगा। मैं चार्ज लगाता हूँ, मन्त्री महोदय इसका खंडन करें, कि ए० आई० सी० सी० के लोगों के लिये छः बंगले रिजर्व किये गये शादी के नाम से और वहां पर ए० आई० सी० सी० के डेलीगेट्स को ठहराया गया। मैं उन स्थानों के नाम भी बताता हूँ। 8, कोटला लेन का बंगला सरदार बूटा सिंह के नाम से रिजर्व किया गया, 21 विलिन्गडन क्रेसेन्ट मुर्शीद अहमद खां के नाम से, 13 अकबर रोड, कृष्णप्पा के नाम से, 3, तीन मूर्ति लेन श्री आर० पी० के नाम से, 32 औरंगजेब, शांति कोठारी के नाम से, 8, अशोक रोड, श्री सिद्धेश्वर प्रसाद के नाम से रिजर्व किया गया। इन्होंने शादी के लिए ये बंगले लिये जिनका रिजर्वेशन 20 तारीख से हुआ लेकिन औक्यूपेशन 16 तारीख से ही हो गया। किस की शादी हुई, मुझे नहीं मालूम। किस की शादी किस के साथ हुई मैं नहीं जानता। क्या उन के बेटों को भी शादी का निमंत्रण पत्र मिला था? क्या उन के नजदीक के माता पिता को शादी का निमन्त्रण पत्र मिला था? क्या आप ने भी किसी को निमन्त्रण पत्र भेजा। किस की शादी थी, कौन दुल्हा था और कौन दुल्हिन थी, यह कुछ नही मालूम। वहां पर ए० आई० सी० सी० के डेलीगेट्स ठहरे हुए थे। मैं चाहता हूँ कि आप इस की जांच कराइये। हम ने शादी की सेरेमनी देखी थी, लेकिन यह शादी नहीं थी। यह तो डाइवोर्स था। और मुझे ताज्जुब है कि इस डाइवोर्स की खुशियां मनायी जा रही हैं। इसी तरीके से एलेक्शन फंड्स की बात कही गई। एलेक्शन के दिनों में, मिड-टर्म पोल में...

MR. CHAIRMAN : I am afraid you are going much beyond the scope of the Bill. If you open up all kinds of subjects, I cannot prevent other members also from going into all kinds of subjects. Then, this debate cannot be controlled at all. This Bill is specifically meant for one particular purpose.

श्री कंवर लाल गुप्त : आप मेरी बात सुन लीजिये। मेरा कहना यह है कि जो अलाउंसेज या सेलरी हैं कानून के मुताबिक मंत्री लोग उन का मिसयूज कर रहे हैं। मैं इस का उदाहरण देना चाहता हूँ। स्वयम् प्रधान मन्त्री महोदय ने मिड-टर्म पोल में...(**व्यवधान**)... आप नये प्रिविलेज माँगने जा रहे हैं लेकिन जो एग्जिस्टिंग फेसिलिटीज हैं उन का मिसयूज हो रहा है। मिड-टर्म पोल के अन्दर एअर फोर्स के हवाई जहाजों के इस्तेमाल में लाखों रुपये खर्च किये गये और बिहार के अंदर सिक्योरिटी को छोड़ कर बाकी चीजों पर 12 लाख रुपये खर्च कि गये ...(**व्यवधान**)... और उस का एक पैसा भी काग्रेस ने पे नहीं किया। क्या यह मिसयूज नहीं है?

MR. CHAIRMAN : What is the relevance of this to the debate?

SHRI KANWAR LAL GUPTA : The Prime Minister is entitled to have an Air Force plane for official purposes. But instead of that, she has been using it for mid-term poll...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : Air Force planes are not available to the Prime Minister under the Salaries and Allowances of Minister Act. Therefore, this cannot be raised during this discussion. There are certain rules laid down for this purpose. He has a very irresponsible and false allegation. This matter has been clarified here.

श्री कंवर लाल गुप्त : आप एन्क्वायरी करवा लीजिये। मन्त्री महोदय झूठ बोल रहे हैं। गलत कहते हैं। वह फेस करें एन्क्वायरी। मैं साबित करूंगा, जो मैं कह रहा हूँ।

SHRI RANDHIR SINGH : The Prime Minister herself has contradicted it.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : If charges are made with a sense of responsibility, they can be enquired into. But if they are made in this irresponsible fashion, no Government can do anything except denying it.

MR. CHAIRMAN : If the hon. member wants a debate on any subject like this, he can have it on a proper motion on some other occasion. This Bill is only concerned with amending a particular section of the Act. If you drag in all these extraneous subjects, it will be a general debate. I cannot allow it.

SHRI K. K. NAYAR (Bahraich) : It is not permissible to refer to the abuse by the ministers of the existing facilities ?

MR. CHAIRMAN : That I allowed.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : I am narrating instances where the Prime Minister and other ministers are misusing the facilities given to them.

MR. CHAIRMAN : You were referring to elections, etc. That is extraneous. (*Interruptions*)

SHRI RANGA (Shrikakulam) : If the Prime Minister is using Air Force Planes, does it come under "allowances" ? No, it will not come. Therefore, it is relevant to refer to such cases when the Bill is being amended to show that the Act is not implemented in a proper way, it is implemented in an extraordinary way. What is wrong with it ?

MR. CHAIRMAN : If you twist the arguments like that I do not know where it will end.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Sir, you should do justice to me also.

MR. CHAIRMAN : He should conclude now. His time is over.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : I will finish it in two minutes.

मेरा कहना यह है कि मन्त्री महोदय ने इसे डिनाई किया लेकिन बिहार, पंजाब और बंगला के मिड-टर्म पोल में प्रधान मन्त्री के ऊपर सिक्योरिटी को छोड़ कर कितना खर्च आया ? मेरा एस्टिमेट यह है कि तीनों स्टेटों में लगभग 30 लाख रुपये के खर्च किये गये और उस में से कांग्रेस ने एक पैसा भी वापस नहीं किया। वह रुपया जनता का है। उस के लिये कौन जिम्मेदार है ? वह रुपया इस देश को मिलना चाहिये। इस सरकार को चाहिये, प्राइम मिनिस्टर को चाहिए कि वह पैसा दे। यह कांग्रेस दे या वह कांग्रेस दे, मुझे इस से मतलब नहीं है, लेकिन सरकार के खजाने से जो पैसा निकला है वह गैर-काननी तरीके से निकला है और उस को वापस आना चाहिये।

एक उदाहरण दे कर मैं खत्म करूंगा। यहां जो कांग्रेस उधर की तरफ है उस के डिप्टी चीफ व्हिप को तन्ख्वाह मिलती है और डिप्टी मिनिस्टर का जो स्टेटस होता है, उस को जो सुविधायें मिलती हैं वह सब उस को मिल रही हैं। क्या यह कानूनी है ? क्या यह कानून के खिलाफ नहीं है ? क्या इस पर ऐतराज नहीं उठाया गया ?

[श्री कंवर लाल गुप्त]

फिर भी सरकार उस को देती जा रही है और कानून तोड़ रही है। मैं पूछना चाहता हूं और मन्त्री महोदय जरा जवाब दें कि कौन कानून तोड़ रहा है? कोई कानून नहीं है कि डिप्टी चीफ व्हिप को वह 1500 रु० दिलायें चाहे एक डिप्टी चीफ व्हिप हो चाहे कई हों। अगर यहां गरीबों का सवाल है तो क्या यही सरकार का समाजवाद है। जब आप समाजवाद का नारा लगाते हैं, गरीबों की बात करते हैं तो कम से कम जो मिनिमम चीजें हैं उन की गारेन्टी तो कीजिये कि तीन साल में हम इस को पूरा कर देंगे। लेकिन यह गारेन्टी देने के लिये आप तैयार नहीं हैं। हां मन्त्री लोगों के भत्ते और बढ़ने चाहिये, मंत्रियों को और सुविधायें देनी चाहिये। अगर यहां पार्लियामेंट के मेम्बरों को सुविधायें मिलेंगी तब फिर राज्य सरकारें भी वही करेंगी। क्या यही समाजवाद है और इसी समाजवाद की जड़ सरकार रखना चाहती है?

मैं कहता हूं कि सरकार इस सब चीज को नियमित करे और खर्च पर कंट्रोल करे। सुविधायें कम की जायें और एक आदर्श रक्खा जाय जिस को हम मानें। नहीं तो यह लोगों के साथ धोखा है और जो नकाब आज आप के ऊपर चढ़ी हुई है वह उठ जायेगी और आप का सही चेहरा लोगों को नजर आने लगेगा।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : Mr. Chairman, I am really sorry that Shri Gupta brought in all kinds of things on a simple amending Bill like this.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Do not over-simplify it.

SHRI R. D. BHANDARE : This Bill deals with only two contingencies. In the case of a Minister vacating office, he should be allowed to use his residence for one month and in the case of death of a Minister his family should be allowed the same facility of using the residence for three months. It is a humanitarian measure.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : What about the poor people in the villages ?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : What has he got to do with them ?

SHRI R. D. BHANDARE : If the opposition starts bringing in irrelevant points on such a simple Bill as the present one it is failing in its duties. They must follow the rules of democracy and the role of the opposition in a democracy so that democracy can function successfully. In the present case they should adopt a humane attitude. We are dealing with a Minister who has vacated office, or the family of a Minister who has died in office. Instead of sympathising with the measure, he is talking of all sorts of things as if we can attack them in any manner we like. That is not the way of functioning under democratic rule.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : I sympathise with you.

SHRI R. D. BHANDARE : You sit in the Opposition. I do not require your sympathy at all.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : We will recommend your case for Deputy-Speakership.

SHRI R. D. BHANDARE : I am thankful for your sympathetic attitude but when I do not want your sympathetic attitude, why do you want to thrust it on me ? It is wonderful indeed !

When we take part in a debate on a proposition or a Bill, it should be relevant. I would also appeal to you, Mr. Chairman, to ask them to be relevant ; otherwise, we also can be irrelevant.

SHRI HARDAYAL DEVGUN : (East Delhi) : On a point of order, Sir. He is speaking on the procedure of the House rather than on the Bill. He is not speaking on the Bill.

MR. CHAIRMAN : There is no point of order.

SHRI R. D. BHANDARE ; I do not want to be irrelevant as it is their monopoly to be. I simply support the measure as it is. I am told, Government has already circulated an amendment putting "two months" instead of the words "three months". When it will be moved, I shall support it. Meanwhile I am supporting the Bill as it is without any reservation.

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : Mr. Chairman, we are not quite so heartless as to oppose a case when the family has to be thrown out under the existing rules and you are seeking an amendment of that. But the basic principle involved in looking after the Central ministers must be known to the world outside and the House in detail.

The present lavishness and the uncontrolled expenditure is really distressing to all of us. But we, Communists, are not really surprised at this because these 22 years of rule in Delhi and in the States where that party has ruled (*An Hon. Member* : Misruled.), they had been living a completely isolated life from the people of the country. They have no reletaion with the base, the root, the people. What is happening today is an outcome of that.

I will quote from the Government of India Gazette what a minister, on assuming his office, gets. He gets furniture worth Rs. 32,000 and electrical equipment worth Rs. 6,500.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : I think, the Bill relates to what his family should get when he dies.

SHRI JYOTIRMOY BASU : I will come to that. We want him to live long.

Coming back to my point, a deputy minister, for which Shri Randhir Singh is trying hard I am told, is entitled to Rs. 16,000 for furniture and Rs. 6,000 for electrical appliances, making a total of Rs. 22,000. I do not blame them.

I come to another very interesting thing. They talk about Rs. 650 as the standard rent. The cost of construction at the time of Lord Curzon, when bricks used to be sold at Rs. 10 per thousand is not the cost today. A minister living in Willingdon Crescent, Shri Fakrudin Ali Ahmed, has a total covered area of about 18,000 square feet —1,090 square metres for his own dwelling and 686 square metres for the outhouses. If you calculate it, it comes to 18,000 square feet of living space. In Calcutta, Delhi and Bombay, if yuu get something at reasonable prices, you get it at Re 1 to Rs. 1/2/-per square feet. That way, I would say, the people are paying nothing less than Rs. 25,000 per month for that man's livihg. I have quoted only one instance. There are many others. If you will kindly look at my Unstarred Question No. 2044 dated 4th August, 1969, you will get the full details.

Then, Mr. Jagjiwan Ram is occupying about 15,000 sq ft. Dr. K. L. Rao is occupying 14,000 sq. ft. Even the Deputy Minister Mr. Iqbal Singh who was in the Ministry of Works, Housing and Urban Development, let alone doing anything for Government servants, gets not less than 12,000 sq. ft. for his living. His department does not provide free bath and latrin for some of our domestic assistants.

The sum total of the perquisites that they enjoy is more than four times or even 10 times the salary they get. I would say, let the whole thing be examined by a cost accountant. You will find that a Minister at the Centre costs the people nothing less than Rs. 20,000 per month. It might even go upto Rs 30,000 per month. They are doing all this book value. It is all an eye-wash. They want to get tax-free wealth.

Then, I come to the self styled Yudhistra of the Congress Party, Shri Morarji Desai. He required Rs. 2,30,425 for maintaining a regiment of people to reply to our letters. What sort of a letter ? You write for an increment of Rs 5 for a poor Government servant. He replies in two paragraphs saying, "No, you go to hell. We will not give you that." For that, he required Rs. 2,30,425.

It is all to get tax-free benefit. Yesterday. Mrs Indira Gandhi talked a lot about money and economic matters. May I urge upon her humbly, "Doctor, treat thyself first. Prevention is better than cure. Take care of your cabinet first."

I would like to say, you amend the rules and reduce all these perquisites. You charge 6 per cent on the market value plus cost of maintenance and repairs. You do away with imported heavy cars requiring one gallon of petrol for every 10 to 12 miles.

[Shri Jyotirmoy Basu]

You ride Lagunda, Lancia, Impala and Buick. You do away with these things. It causes an irritation to the people who are starving. You go to Old Delhi and see the conditions. A man cannot get even drinking water. The people are starving.

We would like to know from the hon. Minister how much have the Ministers paid during the last three years on account of private use of cars. They are also supposed to pay to the exchequer. They are also supposed to pay for the use of extra furniture. I want to know how much money have the Ministers paid to the exchequer on these accounts.

In U.K., the *per capita* income is about 1517 dollars per annum which comes to Rs. 32 per head per day. Here, the Government says, it is one rupee and a few annas whereas we say it is only 14 paise. There, the Ministers, after deducting taxes, get much less than what in sum total these gentlemen here get when the people in our country are not getting two meals a day.

Going back to the British days, the Viceroy's Executive Councillers drew Rs. 75,000 per annum. They paid income-tax and covered other taxes also. Today, these gentlemen are getting much more than what the foreigners got ruling this country. It now seems they used to live more modestly.

Now, I would like to draw the picture of a United Front Minister in West Bengal. A Minister in West Bengal gets in all Rs. 2500 per month.

15.00 hrs.
